Publication	Date
Hindustan (Print)	September 25, 2021

जैविक कीटनाशक फसलों के लिए बेहतर : कृषि आयुक्त

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

कृषि आयुक्त एस.के. मल्होत्रा ने लोगों को सुरक्षित फल, सब्जी और खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए फसलों पर जैविक कीटनाशकों के उपयोग पर जोर दिया है।

उन्होंने कहा कि किसानों को हरित कीटनाशकों का फसलों पर उपयोग करना चाहिए जो मानव स्वास्थ्य के लिए कम खतरनाक हैं। इसके साथ ही ये पशुओं और पर्यावरण के अनुकूल हैं।

कृषि आयुक्त ने यहां भारतीय कृषि रसायन महासंघ (एसीएफआई) के चौथे वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश से बड़े पैमाने पर फलों और सब्जियों के साथ ही कीटनाशकों का निर्यात किया जाता है।

इस कारण भी इनमें कीटनाशकों का प्रभाव और इसकी गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर की होनी चाहिए। डॉ. मल्होत्रा ने कहा कि देश में खाद्यान्न व बागवानी फसलों का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है।